(c) The Fourth Five Year Plan proposals of the Ministry have yet to be approved.

श्रीलंका में भारतीय उद्भव के पेंशन पाने वाले व्यक्ति

1299. डा० राम मनोहर लोहिया : क्या **वैदेशिक-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या श्रीलंका में भारतीय उद्भव के पेंशन प्राप्त करने वाले व्यक्तियों ने अपनी कठिनाइयों के बारे में सरकार को कोई अभ्यावेदन दिया है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस सम्बन्ध में अब तक क्या कार्यवाही की है ?

वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्री मु० क० चागला) (क) संसद् के एक माननीय सदस्य द्वारा 90 व्यक्तियों का एक अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है ।

(ख) मामला विचाराधीन है ।

---

12 hrs.

RE: MOTIONS FOR ADJOURNMENT

Railway accident at Siliguri

Mr. Speaker: I have to inform the House that I have reeived notices of three Adjournment Motions on the railway accident at Siliguri from:

1. Shri Madhu Limaye
   Dr. Ram Manohar Lohia
2. Shri S. M. Banerjee
   Shri Homi F. Daji
   Shri B. P. Maurya
3. Shri Kishen Patnayak
   Shri Mani Ram Bagri
   Dr. Ram Manohar Lohia
   Shri B. P. Maurya.

They all relate to the railway accident to the Military Special at Siliguri. Mr. Limaye has sent the first notice. He may ask for leave.

श्री मधु लिमये (मुंगेर) अध्यक्ष महोदय . .

श्री बागड़ी (हिसार): मेरा एक व्यवस्था का सवाल है ।

अध्यक्ष महोदय : कोई सवाल नहीं है ।

श्री बागड़ी : आप सुन तो लें ।

अध्यक्ष महोदय : इस वक्त नहीं ।

श्री बागड़ी : रेल मंत्री महोदय को पता था कि इतना जरूरी यह सवाल आज आ रहा है । उनको यह भी पता था कि इतना जबर्दस्त हादसा हुआ है । वह आज गैर-हाजिर हो गये हैं और डाक्टर साहब को उन्होंने यहां भेज दिया है । वह रोज हाजिर रहते हैं ।

अध्यक्ष महोदय : श्री बागड़ी गुड सिट डाउन ।

श्री बागड़ी : उनको इस्तीफा देना चाहिए था । ऐसा न करके उन्होंने बड़ी निर्लज्जता दिखाई है ।

श्री किशन पटनायक (सम्बलपुर) : क्या इसको लेकर पाटिल साहब ने इस्तीफा दिया है ?

अध्यक्ष महोदय : यह सवाल नहीं है ।

श्री बागड़ी : रेल मंत्री की फेल्योर कैसे हो गई . . .

अध्यक्ष महोदय : फेल हो गये है या पास हो गये हैं, इससे मेरा क्या मतलब है ?

श्री बागड़ी : उनको चाहिये था . . .

श्री मधु लिमये: उस तरफ जो लोग बैठे है शायद वे मेरी बात से सहमत हो जायें और खड़े हो जायें इसलिए मुझे असफलता के बारे में थोड़ा सा निवेदन कर लेने दीजिये ।

अध्यक्ष महोदय : जी नहीं ।

श्री मधु लिमये : दो मिनट तो दीजिये ।

अध्यक्ष महोदय : एक मिनट भी और देने के लिए तैयार नहीं हूं ।

श्री बागड़ी : आपने क्या व्यवस्था दी है मेरे सवाल पर ?

अध्यक्ष महोदय : अगर आप इसी तरह से बोलते चले गये तो मुझे आपको बाहर जाने के लिए कहना पड़ेगा । मैं आपको चार बार कह चुका हूं । आप मानते नहीं हैं ।

श्री बागड़ी : मैं बैठ जाता हूं । नहीं बोलूंगा । रोज़ रेल दुर्घटनायें होती हैं . . .

अध्यक्ष महोदय : श्री बागड़ी, आप बाहर चले जायें ।

श्री बागड़ी : यह बोल रहे थे, मैं नहीं बोल रहा था ।

अध्यक्ष महोदय : आप बाहर चले जायें ।

श्री बागड़ी : मुझे निकालने में आप बड़े तेज हैं । रेल मंत्री को क्यों नहीं निकालते हैं ?

अध्यक्ष महोदय : आप बहस न करें, बाहर चले जायें ।

श्री बागड़ी : रेलें भिड़ाते ने पाटिल साहब . . .

अध्यक्ष महोदय: आप बाहर चले जायें ।

श्री बागड़ी : अभी जो वोटिंग होने जा रही है उसके बाद चला जाऊंगा ।

अध्यक्ष महोदय : जी नहीं । आप बाहर चले जायें अभी ।

श्री बागड़ी : पाटिल से इस्तीफा मांगिये . . . .

(इसके बाद श्री बागड़ी सदन से बाहर चले गये)

श्री मधु लिमये : मैं एक निवेदन कर रहा था ।

अध्यक्ष महोदय : इस तरह से वक्त सर्फ करना ठीक नहीं है । आप इजाजत मांगिये ।

श्री मधु लिमये : मैं इजाजत मांगता हूं । रेल दुर्घटना को ले कर केन्द्रीय सरकार की जो असफलता हुई है, उसके सम्बन्ध में मेरा जो काम रोको प्रस्ताव है, उसके लिए मैं इजाजत मांगता हूं ।

Mr. Speaker: Is there any objection?

The Minister of Parliamentary Affairs and Communications (Shri Satya Narayan Sinha): Yes, Sir.

अध्यक्ष महोदय Those in favour may kindly stand in their places. पच्चीस ही खड़े हुए हैं । इस वास्ते इसको नहीं लिया जा सकता है ।

श्री मधु लिमये : ध्यानाकर्षण ले लीजिये ।

अध्यक्ष महोदय : वह ले लूंगा जब वक्त आवेगा ।

डा० राम मनोहर लोहिया (फर्रुखाबाद): मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है, ध्यानाकर्षण के सम्बन्ध में ।

अध्यक्ष महोदय : जब ध्यानाकर्षण का वक्त आयेगा उस वक्त आप उठा सकते हैं ।

डा० राम मनोहर लोहिया : आप स्थगन प्रस्ताव के पहले लिया करते हैं । वह वक्त बदलता रहता है आपकी मर्जी के मुताबिक । कोई नियम थोड़े नहीं है ।

12.05 hrs.

STATEMENT RE. RAILWAY ACCIDENT AT SILIGURI

The Minister of State in the Ministry of Railways (Dr. Ram Subhag Singh): On 11-11-1966 at about 3.20 hours, while Military Special No. SP 987 consisting of 23 vehicles hauled by